विश्व रिकार्ड बनाने के अभियान में रावि और मुक्त विश्वविद्यालय

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध महाविद्यालयों को विश्व योग दिवस-2024 के तत्वाधान में विश्व कीर्तिमान बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में स्थान प्राप्त करने की मुहिम में शामिल होंगे। इसके लिए उनको आनलाइन शपथ ग्रहण कराना है। इसको लेकर प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय (रावि) और उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (मुवि) ने सक्रियता दिखानी शुरू की है।

यह आनलाइन शपथ ग्रहण कार्यक्रम 12 से 18 जून के बीच होना है। इसको लेकर राज्यपाल की ओर से राज्य विश्वविद्यालय को करीब साढ़े तीन लाख आनलाइन शपथ कराने का लक्ष्य दिया गया है। राज्य विवि के कुलसचिव ने सभी 703 संघटक महाविद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्राचार्यों को पत्र लिखकर इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए कहा है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, परिवारी जनों और छात्र-छात्राओं को एसएमएस/व्हाट्सएप पर प्रेषित लिंक के माध्यम से या आनलाइन पोर्टल पर जाकर शपथ लेनी है। इसके लिए http://rajbhawanyogapledge.in पर शपथ पढ़ने के बाद ड्राप डाउन से अपने विश्वविद्यालय का नाम चुनना है। किसी विश्वविद्यालय से संबंधित नहीं होने पर अन्य का विकल्प भी चुन सकेंगे। शपथ ग्रहण का प्रमाणपत्र आनलाइन मिलेगा। इसकी पूरी प्रक्रिया की जानकारी रावि ने दी है।